# वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् से अलंकृत 'ए' ग्रेड प्राप्त संस्थान

ESTD. 1948

जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश

## 73वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

दिनांकः 23 मार्च, 2022

## मुख्य अतिथि

## श्री जय राम ठाकुर

**माननीय मुख्यमन्त्री,**
**हिमाचल प्रदेश सरकार**

## वार्षिक प्रतिवेदन 2021–22

प्रस्तुति :-

डॉ0 योगेन्द्र पाल शर्मा
प्राचार्य

# वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी

**राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् से अलंकृत 'ए' ग्रेड प्राप्त संस्थान**

## वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22

आज के इस समारोह के मुख्यातिथि माननीय श्री जय राम ठाकुर, मुख्यमन्त्री हिमाचल प्रदेश हमारे बीच शोभायमान है। इसके साथ ही इस समारोह के शुभ अवसर पर यहाँ विद्यमान समस्त गणमान्य अतिथियों का मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन करता हूँ।

माननीय मख्यातिथि महोदय श्री जयराम ठाकुर हिमाचल के 13वें मुख्यमन्त्री हैं। आपकी कर्मठता, समर्पण एवं सेवाभाव से हम सभी परिचित हैं। आपका जन्म 6 जनवरी 1965 को तांदी गांव तहसील थुनाग जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश में एक गरीब परिवार में हुआ। आपकी आरंभिक शिक्षा तान्दी के ही सरकारी स्कूल से हुई तथा इसी वल्लभ राजकीय महाविद्यालय से 1987 में आपने स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात आप उच्च शिक्षा हेतु पंजाब विश्वविद्यालय गये। राजनीति में आने के पश्चात् आपने भारतीय जनता पार्टी में एक सशक्त राजनेता के रूप में अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। वर्तमान समय में आप हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हैं। आप अपनी ईमानदारी एवं कर्त्तव्यनिष्ठा के बल पर समस्त जन समूह के हृदय में विद्यमान हैं।

राजकीय वल्लभ महाविद्यालय से आपका घनिष्ठ सम्बन्ध रहा हैं। महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य तथा इसे विकास के द्वार तक ले जाने में आपका मार्गदर्शन सदैव मिलता रहे, यही कामना है।

वल्लभ महाविद्यालय प्रसिद्ध एवं पावन नदी के सुन्दर तट पर स्थित है। यह महाविद्यालय लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल के शुभाशीर्वाद से वर्ष 1948 में अस्तित्व में आया। हिमाचल प्रदेश के इस प्रथम महाविद्यालय की स्थापना से पहाड़ी क्षेत्रों की उन्नति एवं समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ। शिक्षा, ज्ञान एवं प्रगति की निरंतर यात्रा से इस महाविद्यालय को एक विशाल बहु आयामी शिक्षा संस्थान का दर्जा हासिल हुआ है। वर्तमान समय में इस महाविद्यालय में कला, वाणिज्य, विज्ञान, बी.बी.ए, बी.सी.ए की स्नातक तथा 6 विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएँ तथा बी.वॉक के पाठ्यक्रम नियमित रूप से चल रहे है।

इसके साथ ही यहाँ पर इन्दिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र भी है। निकट भविष्य में एम.एस.सी. और एम.बी.ए. की कक्षाएँ प्रारम्भ करने की योजना है। हमारे महाविद्यालय से पढ़े विद्यार्थी शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, कानून, प्रशासन, राजनीति, प्राद्यौगिकी, वाणिज्य, कम्प्यूटर, खेल-कूद साहित्य और कला जैसे अनेकानेक क्षेत्रों में पहुँचकर उन्नति करते हुए देश-विदेश में हमारे प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। बहुत से पूर्व विद्यार्थी आज भी पूर्व छात्र-संघ के माध्यम से इस महाविद्यालय से जुड़े हुए हैं। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि यह महाविद्यालय 'राज्य विश्वविद्यालय' के पायदान पर अपना परचम लहराएगा। अब मैं महाविद्यालय के सत्र 2021-22 की समस्त गतिविधियों और उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करने जा रहा हूँ।

## कर्मचारियों की स्थिति

### क) शिक्षक वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| कुल शिक्षक | - | 82 |
| नियमित शिक्षक | - | 69 |
| अनुबन्ध कर्मचारी | - | 0 |
| पी0टी0ए0 (GIA) | - | 0 |
| रिक्त पद | - | 13 |

### क) गैर-शिक्षक वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| अनुमोदित पद | - | 51 |
| नियमित कर्मचारी | - | 31 |
| अनुबन्ध कर्मचारी | - | 01 |
| पी0टी0ए0 (GIA) | - | 0 |
| रिक्त पद | - | 20 |

**Staff Position as on 31/01/2022 in r/o of Vallabh Govt. Mandi (H.P)**

| Sr.No. | Sanction Post | Filled | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Subject** | **Sanction Post** | **Regular** | **Contract** | **PTA(GIA)** | **PTA without GIA** | **vacant** |
| 1 | Principal | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | English | 9 | 8 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | Hindi | 6 | 3 | 0 | 0 | 2 | 3 |
| 4 | Pol. Science | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | History | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | Economics | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | Pub. Admn. | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 8 | Sociology | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Sanskrit | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | Geography | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 11 | Commerce | 5 | 4 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 12 | Maths | 7 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | Physics | 5 | 4 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 14 | Chemistry | 8 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | Botany | 5 | 4 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 16 | Zoology | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 17 | Computer Application | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | Phy. Education | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | Journalism | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | Music | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | Tourism & Travel | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | Education | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | Painting | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | Applied arts | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 25 | Sculpture | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | psychology | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | Environment science | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | Dance | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | **82** | **69** | **0** | **0** | **4** | **13** |

**Vacancy Position (Non Teaching Staff) As On 31/01/2022**

| Sr.No. | Sanction Post | Filled | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Subject** | **Sanction Post** | **Regular** | **Contract** | **Local PTA** | **vacant** |
| | **Non Teaching** | | | | | |
| 1 | Supdt-II | 1 | 1 | 0 | | 0 |
| 2 | Sr.Asstt. | 2 | 2 | 0 | | 0 |
| 3 | Jr. Asstt, Junior Office Asstt/Clerk | 6 | 4 | 0 | | 2 |
| 4 | Librarian | 1 | 0 | 0 | | 1 |
| 5 | Asstt Lib. | 1 | 1 | 0 | | 0 |
| 6 | SLA | 2 | 1 | 0 | | 1 |
| 7 | JLA | 4 | 0 | 0 | | 4 |
| 8 | LA | 9 | 8 | 0 | | 1 |
| 9 | Peon | 14 | 14 | 0 | | 0 |
| 10 | Sweeper | 2 | 0 | 0 | | 2 |
| 11 | PTCP | 4 | 0 | 0 | | 4 |
| | **Total** | **46** | **31** | **0** | | **15** |
| 12 | Tabla Vadak | 1 | 0 | 0 | | 1 |
| 13 | Mechanic | 1 | 0 | 0 | | 1 |
| 14 | Pharmacist | 1 | 0 | 0 | | 1 |
| 15 | Gasman | 1 | 0 | 0 | | 1 |
| 16 | Animal Collector | 1 | 0 | 0 | | 1 |
| | **Total** | **51** | **31** | **0** | | **20** |

## सेवानिवृत्ति

सत्र 2021–22 में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी से श्रीमती स्वदेश कुमारी, पुस्तकालय अध्यक्ष, श्रीमती उमा देवी, चपरासी एवं श्रीमती फुहणी देवी, चपरासी के पद से सेवानिवृत्त हुईं।

## महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए नए शिक्षक व गैर-शिक्षक सदस्य

**शिक्षक वर्ग में** प्राचार्य डॉ0 योगेन्द्र पाल शर्मा, प्रो0 वन्दना देवी, प्रो0 महेन्द्र कुमार, प्रो0 भूपेन्द्र कुमार, प्रो0 जितेन्द्र कुमार, प्रो0 बलदेव वर्मा, प्रो0 कृष्णा कुमारी, प्रो0 राजेश, प्रो0 ज्योत्सना, प्रो0 बनिता, प्रो0 हरीश कुमार, प्रो0 राज कुमार ठाकुर, प्रो0 कविता, प्रो0 राज कुमार जमवाल, प्रो0 मेहर चन्द एवं प्रो0 मोहन सिंह इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए।

**गैर-शिक्षक वर्ग में** कार्यालय अधीक्षक श्रीमती अरूणा शर्मा, वरिष्ठ सहायक श्री तिलक राज सकलानी, वरिष्ठ सहायक श्री घनश्याम ठाकुर, कनिष्ठ सहायक लिपिक श्री वलिभद्र, प्रयोगशाला सहायक श्री बालक राम तथा चपरासी के पद पर श्रीमती कृष्णा देवी, श्रीमती हरिन्द्रा देवी, प्रोमिला देवी, श्रीमती पुष्पा देवी, श्री कश्मीर सिंह, श्री लीलाधर, श्री पुष्प राज एवं चुड़ामणी इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए।

## महाविद्यालय से स्थानान्तरित हुए सदस्य

**शिक्षक वर्ग में** प्राचार्य डॉ0 राकेश शर्मा, प्रो0 दलीप सिंह, प्रो0 नेत्र सिंह, प्रो0 शिखा कपूर, प्रो0 विवेक कपूर, प्रो0 याचना शर्मा, प्रो0 दायक राम, प्रो0 अनुराधा शर्मा, प्रो0 जया नन्द, प्रो0 रविन्द्र कुमार, प्रो0 वन्दना चौहान, प्रो0 अनिता कुमारी, प्रो0 आशा कुमारी, प्रो0 मनोहर लाल तथा **गैर-शिक्षक वर्ग में** अधीक्षक गोपाल गुलेरिया, वरिष्ठ सहायक

श्री हुक्म चन्द, कनिष्ठ सहायक श्रीमती बबिता कपूर, कनिष्ठ सहायक श्री यशपाल शर्मा, कनिष्ठ सहायक तथा चपरासी श्री जयदेव, श्रीमती कौशल्या देवी, श्रीमती तारा देवी, श्रीमती शान्ति देवी एवं श्रीमती पिंगला देवी राजकीय महाविद्यालय मण्डी से स्थानान्तरित हुए।

## अभिभावक-शिक्षक संघ

महाविद्यालय में अभिभावक-शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का गठन प्राचार्य, डॉ0 योगेन्द्र पाल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया है। इस बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गये :-

| क्रम सं0 | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान | श्री बलवन्त कुमार |
| 2. | उपप्रधान | श्री संजय कुमार |
| 3. | सचिव | एसोसिएट प्रोफेसर बलदेव वर्मा |
| 4. | सह-सचिव | श्री देविन्द्र कुमार |
| 5. | कोषाध्यक्ष | श्रीमती स्वदेश कुमारी |
| 6. | तकनीकी सलाहकार | श्री हेम राज ठाकुर एवं श्री प्रभु दयाल सिंह ठाकुर |

## छात्रवृत्तियाँ

इस सत्र में वितरित छात्रवृत्तियों का विवरण इस प्रकार है :-

| क्रम संख्या | छात्रवृत्ति | छात्र संख्या | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | विकलांग छात्रों के लिए पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति | 02 | 11000/- |
| 2 | अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति | 02 | 11000/- |
| 3 | ओ0बी0सी0 छात्रवृत्ति | 08 | 1,48,000/- |
| 4 | आई0आर0डी0पी0 छात्रवृत्ति | 04 | 4800/- |
| 5 | कल्पना चावला छात्रवृत्ति | 29 | 4,35,000/- |
| 6 | मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति | 18 | 1,80,000/- |
| 7 | अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति | 04 | 24,000/- |
|  | कुल योग | 67 | 8,13,800/- |

# Vallabh Govt. College, Mandi (H.P)

## Enrollment for the session 2021-2022

| **Faculty Wise Enrollment** | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Enrollment Three Years Degree Programme (B.A/B.Sc./B.Com. & Other Courses).** | | | | | | | | | | | | |
| | | **GEN** | | **OBC** | | **SC** | | **ST** | | **Total** | | **Grand Total** |
| **S.No** | **Class Name** | **M** | **F** | **M** | **F** | **M** | **F** | **M** | **F** | **M** | **F** | |
| 1 | B. Com. 1st yr | 87 | 57 | 10 | 2 | 34 | 28 | 2 | - | 133 | 88 | 221 |
| 2 | B.A. 1st yr | 335 | 522 | 45 | 40 | 181 | 265 | 18 | 13 | 579 | 840 | 1419 |
| 3 | B.Sc. 1st yr | 200 | 280 | 13 | 24 | 70 | 113 | 6 | 8 | 289 | 426 | 715 |
| 4 | Hospitality & tourism Sem-1 | 27 | 7 | - | - | 4 | 2 | - | - | 31 | 9 | 40 |
| 5 | Retail & Manag. Sem -1 | 8 | 5 | - | - | 3 | 2 | - | 1 | 11 | 8 | 19 |
| 6 | B. Com. 2nd yr | 55 | 57 | 6 | 4 | 28 | 31 | 7 | 2 | 96 | 94 | 190 |
| 7 | B.A. 2 nd yr | 205 | 304 | 30 | 26 | 92 | 153 | 7 | 13 | 334 | 496 | 830 |
| 8 | B.Sc. 2 nd yr | 185 | 241 | 12 | 15 | 69 | 74 | 9 | 5 | 275 | 335 | 610 |
| 9 | Hospitality & tourism Sem-2 | 27 | 7 | - | - | 4 | 2 | - | - | 31 | 9 | 40 |
| 10 | Retail & Manag. Sem- 2 | 8 | 5 | - | - | 3 | 2 | - | 1 | 11 | 8 | 19 |
| 11 | B. Com. 3rd yr | 65 | 77 | 10 | 4 | 36 | 50 | 4 | 3 | 115 | 134 | 249 |
| 12 | B.A. 3 rd yr | 243 | 377 | 33 | 42 | 115 | 174 | 11 | 14 | 402 | 608 | 1010 |
| 13 | B.Sc. 3 rd yr | 221 | 318 | 11 | 22 | 80 | 112 | 12 | 10 | 324 | 462 | 786 |
| 14 | Hospitality & tourism Sem- 3 | 10 | 5 | 1 | - | 4 | 9 | - | - | 15 | 14 | 29 |
| 15 | Retail & Manag. Sem -3 | 3 | 5 | 1 | 1 | 2 | 4 | - | - | 6 | 10 | 16 |
| 16 | Hospitality & tourism Sem- 4 | 10 | 5 | 1 | - | 4 | 9 | - | - | 15 | 14 | 29 |
| 17 | Retail & Manag. Sem -4 | 3 | 5 | 1 | 1 | 2 | 4 | - | - | 6 | 10 | 16 |
| 18 | Hospitality & tourism Sem- 5 | 17 | 3 | 1 | - | 2 | 3 | - | 1 | 20 | 7 | 27 |
| 19 | Retail & Manag. Sem -5 | 5 | 12 | - | - | 4 | 6 | - | - | 9 | 18 | 27 |
| 20 | Hospitality & tourism Sem- 6 | 17 | 3 | 1 | - | 2 | 3 | - | 1 | 20 | 7 | 27 |
| 21 | Retail & Manag. Sem -6 | 5 | 12 | - | - | 4 | 6 | - | - | 9 | 18 | 27 |
| | | | | | | | | | | | | |
| | **TOTAL STUDENTS** | **1736** | **2307** | **176** | **181** | **743** | **1052** | **76** | **72** | **2731** | **3615** | **6346** |

| Enrollment in Post Graduate (M.A/M.Sc.) Courses | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | GEN | | OBC | | SC | | ST | | Total | | |
| S.No | Class Name | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | G.Total |
| 1 | M.Com. Sem- 1 | 10 | 20 | - | 1 | - | 5 | - | 2 | 10 | 28 | 38 |
| 2 | M.A. Eco. Sem-1 | 5 | 9 | 1 | 1 | - | - | - | - | 6 | 10 | 16 |
| 3 | M.A. English Sem -1 | 9 | 14 | 2 | - | 6 | 3 | - | - | 18 | 17 | 35 |
| 4 | M.A. Hindi Sem-1 | 2 | 19 | - | 1 | 2 | 11 | - | 1 | 4 | 32 | 36 |
| 5 | M.A Pol. Sci. Sem -1 | 10 | 19 | - | 1 | 2 | 5 | - | 1 | 12 | 26 | 38 |
| 6 | M.Sc. Math Sem-1 | 10 | 19 | 1 | 1 | - | 4 | - | - | 11 | 24 | 35 |
| 7 | M.Com. Sem- 3 | 5 | 20 | - | - | - | 11 | - | 1 | 5 | 32 | 37 |
| 8 | M.A. Eco. Sem- 3 | 2 | 18 | - | - | 1 | 1 | - | - | 3 | 19 | 22 |
| 9 | M.A. English Sem -3 | 3 | 16 | 1 | 1 | 1 | 2 | - | - | 5 | 19 | 24 |
| 10 | M.A. Hindi Sem- 3 | - | 25 | - | 1 | - | 7 | - | - | 0 | 33 | 33 |
| 11 | M.A. Pol. Sci. Sem -3 | 3 | 21 | - | 1 | 2 | 5 | - | 1 | 5 | 28 | 33 |
| 12 | M.Sc. Math Sem-3 | 4 | 14 | - | 4 | 3 | 5 | - | 2 | 7 | 25 | 32 |
| | | | | | | | | | | | | |
| | **Total Students** | **63** | **214** | **5** | **12** | **17** | **59** | **0** | **8** | **86** | **293** | **379** |

| Enrollment in Self-Financing Courses . | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Gen. | | Handicap | | OBC | | SC | | ST | | Total | | G.Total |
| | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | |
| BBA SEM-I | 29 | 12 | | | 2 | 2 | 3 | 3 | 0 | 0 | 34 | 17 | 51 |
| BBA SEM III | 21 | 7 | | | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 21 | 10 | 31 |
| BBA SEM -V | 24 | 18 | | | 3 | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 | 31 | 20 | 51 |
| **BBA TOTAL** | **74** | **37** | **0** | **0** | **5** | **4** | **7** | **6** | **0** | **0** | **86** | **47** | **133** |
| BCA First | 26 | 20 | | | 4 | 1 | 7 | 1 | 1 | 0 | 38 | 22 | 60 |
| BCA Second | 21 | 9 | | | 1 | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 | 26 | 11 | 37 |
| BCA Third | 31 | 5 | | | 0 | 0 | 3 | 2 | 0 | 1 | 34 | 8 | 42 |
| **BCA Total** | **78** | **34** | **0** | **0** | **5** | **2** | **14** | **4** | **1** | **1** | **98** | **41** | **139** |
| B.Ed. (Arts) (1st yr) | 8 | 14 | 0 | 0 | 6 | 1 | 4 | 3 | 1 | 3 | 19 | 21 | 40 |
| B.Ed. (Commerce) (1ST yr) | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 5 | 5 | 10 |
| B.Ed. (Medical) (1ST yr) | 2 | 14 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 4 | 0 | 1 | 3 | 21 | 24 |
| B.Ed. (Non- Medical) (1ST yr) | 8 | 10 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1 | 0 | 11 | 14 | 25 |
| **B.Ed. 1st yr Total** | **22** | **42** | **0** | **0** | **8** | **4** | **6** | **11** | **2** | **4** | **38** | **61** | **99** |
| B.Ed. (Arts) (2nd yr) | 11 | 12 | 0 | 0 | 4 | 3 | 5 | 3 | 1 | 0 | 21 | 18 | 39 |
| B.Ed. (Commerce) (2nd yr) | 2 | - | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | 2 | 5 |
| B.Ed. (Medical) (2nd yr) | 4 | 12 | 0 | 0 | 3 | 1 | 3 | 3 | 0 | 0 | 10 | 16 | 26 |
| B.Ed. (Non- Medical) (2nd yr) | 4 | 18 | 0 | 0 | 1 | 0 | 3 | 1 | 0 | 1 | 8 | 20 | 28 |
| **B.Ed. 2nd yr Total** | **21** | **42** | **0** | **0** | **8** | **5** | **12** | **8** | **1** | **1** | **42** | **56** | **98** |
| **B.Ed Grand Total** | **43** | **84** | **0** | **0** | **16** | **9** | **18** | **19** | **3** | **5** | **80** | **117** | **197** |
| PGDCA | 9 | 35 | | | 0 | 0 | 3 | 4 | 0 | 0 | 12 | 39 | 51 |
| **Total** | **204** | **190** | **0** | **0** | **26** | **15** | **42** | **33** | **4** | **6** | **246** | **244** | **520** |

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में सामुदायिक, सामूहिक एवं सामाजिक सेवा भाव के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयाँ स्थापित की गयी हैं जिनके कार्यक्रम अधिकारी ऐसिसटेंट प्रोफेसर ममता परमार एवं ऐसिसटेंट

प्रोफेसर सूरजमणी हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना में 200 स्वयंसेवक पंजीकृत हैं। स्वयंसेवियों ने नियमित गतिविधियों के अन्तर्गत इस सत्र में :-

12 जनवरी, 2021 को महाविद्यालय में स्वयं सेवकों के द्वारा 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया गया। इसके पश्चात् 'सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा' थीम के अन्तर्गत 'सड़क सुरक्षा जागरूकता' अभियान भी चलाया गया।

15 सितम्बर, 2021 को राजकीय महाविद्यालय मण्डी में जिला प्रशासन के सहयोग से NDRF की टीम के साथ मिलकर 50 स्वयंसवेकों ने मॉकड्रिल का अभ्यास किया।

24 सितम्बर, 2021 को स्वयंसेवकों के द्वारा 'राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर भाषण, वाद-विवाद, नारा लेखन, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

01 अक्तूबर, 2021को 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयंसेवकों ने मण्डी शहर में स्वच्छता अभियान चलाया व प्राकृतिक जल स्त्रोतों की भी सफाई की।

02 अक्तूबर, 2021 को स्वयं सेवकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती पर मण्डी शहर में 'प्रभात फेरी' निकाली।

14 नवम्बर, 2021 को महाविद्यालय के स्वयं सेवकों ने मण्डी शहर की झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वाले बच्चों के साथ 'बाल दिवस' मनाया व उन्हें शिक्षा के लिए भी प्रेरित किया।

01 दिसम्बर से 07 दिसम्बर, 2021 तक महाविद्यालय में एन0एस0एस0 के 'सात दिवसीय शिविर' का आयोजन किया गया। जिसके अर्न्तगत महाविद्यालय में सफाई, सौन्दर्यीकरण, क्यारियों व फूलवारियों का निर्माण तथा झाड़ियों की कटाई का कार्य किया गया तथा बौद्धिक व शैक्षणिक सत्र गतिविधियों में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवियों का ज्ञानवर्धन भी किया गया। ऐसे शिविरों से स्वयंसेवियों में समाजसेवा के माध्यम से चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, टीम भावना, नेतृत्व कौशल, प्रबंधकीय कला, स्वानुशासन व दार्शनिकता के साथ-साथ मार्मिकता और सहृदयता को भी अंगीकार करने में मदद मिलती है जो कि राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय है।

## रोवर एण्ड रेंजर

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी में भारत स्काउट एवं गाइड की इकाई रोवर लीडर ऐसिसटेंट प्रोफेसर हेमराज एवं रेंजर लीडर ऐसिसटेंट प्रोफेसर ज्योति ठाकुर के कुशल नेतृत्व में कार्य कर रही है। इस सत्र में 48 रोवर एण्ड रेंजर पंजीकृत हुए हैं। इस इकाई के सदस्यों ने महाविद्यालय में समय-समय पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कोविड-19 महामारी में लॉकडाउन के समय इकाई के 8 सदस्यों ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर लोगों को महामारी के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के चार रोवर एवं रेंजर ने गणतन्त्र दिवस परेड, शिमला में भाग लेकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। अन्तरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान भी महाविद्यालय के 38 रोवर एण्ड रेंजर ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर आवश्यक सेवाएं प्रदान की। इसके साथ ही इकाई के 45 सदस्य पुलिस प्रशासन मण्डी के द्वारा चलाए जा रहे 'सहभागिता' नामक प्रोजेक्ट में कार्य कर रहे हैं जिसमें लोगों को नशे से बचने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन आदि करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया जाता है। यही नहीं महाविद्यालय के रोवर एवं रेंजर मण्डी में भ्युली के स्लम क्षेत्र में रहने वाले छोटे बच्चों को उनकी पढ़ाई में भी मदद् कर रहे हैं।

## एन०सी०सी० वायु सेना विंग

युवाओं में चरित्र, साहस, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण एवं निस्वार्थ सेवा भावना जैसे गुणों को विकसित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में एन0सी0सी0 वायु सेना विंग का गठन किया गया है जिसकी कमान फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल ने बड़ी कुशलता से सम्भाली है। इस सत्र में 70 एयर विंग छात्रों को भर्ती किया गया है। सन् 2019 से 2022 तक कैडेट वारंट ऑफिसर विकास ठाकुर, विनय ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, अजय कुमार एवं शिल्पा, कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर अंगद सिंह व कैडेट कॉरपोल पंकज कुमार ने गणतन्त्र दिवस परेड, दिल्ली में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत कैडेट वारंट ऑफिसर विकास

ठाकुर ने रूस, कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर दिग्विजय सिंह ने कजाकिस्तान, कैडेट गोपाल ने वियतनाम एवं कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर अजय ठाकुर ने बांग्लादेश में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

कैडेट वारंट ऑफिसर साक्षी चन्देल ने सर्वश्रेष्ठ कैडेट स्पर्धा में दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा एन0सी0सी0 निदेशालय चण्डीगढ़ व एन0सी0सी0 ग्रुप हैडक्वाटर शिमला ने साक्षी चन्देल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक एवं 3500 रुपये की पुस्कार राशि से सम्मानित किया। कैडेट अंडर ऑफिसर पनिता ने एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर व वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सर्वश्रेष्ठ कैडेट का खिताब हासिल किया। कैडेट वारंट ऑफिसर जयप्रकाश ने वार्षिक प्रशिक्षण शिविर मनाली में एन0सी0सी0 वायु सेना विंग मण्डी की फ्लाइट का ड्रिल स्पर्धा में नेतृत्व कर विजेता ट्रॉफी अर्जित की। इसके साथ ही एन0सी0सी0 एयर विंग कैडेट राज कुमार ने अखिल भारतीय गलैंट्री अवार्ड लोगो स्पर्धा में देश भर में तृतीय स्थान अर्जित किया।

## एन0सी0सी0 थलसेना विंग (छात्र)

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 थलसेना विंग (छात्र) का गठन किया गया है जिसके कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 चेतन सिंह राणा हैं। इस शैक्षणिक सत्र में 110 छात्रों को एनसीसी थलसेना विंग में भर्ती किया गया है। इनमें से 43 कैडेट 'बी' तथा 29 कैडेट 'सी' प्रमाणपत्र की परीक्षा में शामिल हुए। एन0सी0सी0 थलसेना विंग के 60 कैडिट ने विभिन्न-विभिन्न संयुक्त प्रशिक्षण शिविरों में प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा ड्रिल, मैप रीडिंग, फायरिंग आदि प्रतिस्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन किया। सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर ने वर्ष 2022 की गणतन्त्र दिवस दिल्ली, राजपथ पर आयोजित परेड में हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त तीन अन्य कैडेटों ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' शिविर में भाग लिया। अंडर ऑफिसर निखिल ठाकुर ने सैन्य प्रशिक्षण अकादमी देहरादून में शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## एन0सी0सी0 थलसेना विंग (छात्रा)

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 थलसेना विंग (छात्रा) का भी गठन किया गया है जिसके कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 स्मृति ठाकुर हैं। इस शैक्षणिक सत्र में 75 छात्राओं को एन0सी0सी0 थलसेना विंग में भर्ती किया गया है।

## पुस्तकालय

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान की मुख्य सम्पत्ति होती है तथा इसका आकार संस्था की स्थिति का द्योतक होता है। राजकीय महाविद्यालय मण्डी में विभिन्न विषयों की 38769 बहुमूल्य पुस्तकें हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के पुस्तकालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन हेतु हिन्दी के 6, अंग्रेजी के 6 दैनिक समाचार पत्र, 21 मासिक पत्रिकाएँ तथा 14 जर्नल अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। महाविद्यालय द्वारा छात्रों के हित को देखते हुए प्रतिवर्ष प्राध्यापकों के सुझाव से पुस्तकालय हेतु पुस्तकें क्रय की जाती हैं। इस सत्र में 442 नई पुस्तकें खरीदी गयी हैं।

## इन्दिरा गान्धी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

इन्दिरा गान्धी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना भारतीय संसदीय अधिनियम के द्वारा सन् 1985 में की गयी जिसका उद्देश्य दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से उच्चतर शिक्षा की सुलभता एवं समानता में वृद्धि करना है। महाविद्यालय में सन् 1986 में इस मुक्त विश्वविद्यालय का शुभारम्भ किया गया था। वर्तमान में डॉ. जसवन्त सिंह IGNOU केन्द्र के समन्वयक हैं जिनके कुशल निर्देशन में यह केन्द्र सुचारू रूप से कार्य कर कर रहा है जिसके परिणामस्वरूप अनेक विद्यार्थी यहाँ से स्नातक एवं परास्नातक स्तर की डिग्रियाँ एवं डिप्लोमा प्राप्त कर रहे हैं। इस केन्द्र की कार्यशैली को लेकर IGNOU मुख्यालय दिल्ली से विशेष सरहाना भी प्राप्त हो चुकी है।

## डाकघर एवं बैंक सुविधा

महाविद्यालय में स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सुविधा हेतु परिसर में ही डाकघर एवं बैंक सुविधा प्रदान की गयी है। यहाँ एस.बी.आई. बैंक की शाखा खोली गयी है जिसमें ग्राहकों की सुविधा के लिए काउन्टरों पर तेजी से लेन-देन के लिए Green Chanel प्रारम्भ किया गया है।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी में 19 नवंबर, 2021 को वाणिज्य विभाग एवं बी.बी.ए. विभाग के द्वारा 'वाणिज्य दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 'हिमाचल फैशन शो' का आयोजन किया जिसके अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के खान-पान, वेश-भूषा, परिधानों, रहन-सहन आदि को दर्शाया गया तथा भाषण प्रतियोगिता, पहाड़ी नाटी एवं एकल गीत आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज हमीरपुर में 15 दिसम्बर से 17 दिसम्बर, 2021 तक आयोजित युवा समारोह ग्रुप-III में महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया जिसमें मन्नत महाजन ने भारतीय शास्त्रीय (कथक) नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## खेलकूद गतिविधियाँ

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के शारीरिक शिक्षा व खेल विभाग के छात्रों ने इस शैक्षणिक सत्र में विभिन्न खेलों में भाग लिया जिसका विवरण इस प्रकार हैः-

1) महाविद्याालय की महिला व पुरुष वर्ग की शतरंज टीम ने राजकीय महाविद्यालय चम्बा (हि.प्र.)में आयोजित इंटर-कॉलेज शतरंज चैंपियनशिप में भाग लिया जिसमें महिला टीम ने मिनिएचर ट्राफी जीती तथा शिल्पा धलारी और निशा कुमारी ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में आयोजित इंटर-वर्सिटी शतरंज (महिला) चैंपियनशिप में भाग लिया।
2) महाविद्याालय की पुरुष वर्ग की शतरंज टीम ने भी राजकीय महाविद्यालय चम्बा (हि.प्र.) में आयोजित इंटर-कॉलेज शतरंज चैंपियनशिप में भाग लिया और विजेता रही तथा दिनेश कुमार ने NSIT द्वारिका, दिल्ली में आयोजित इंटर-वर्सिटी शतरंज (पुरुष) चैंपियनशिप में भाग लिया।
3) पुरुष वर्ग की हॉकी टीम ने राजकीय महाविद्यालय ऊना (हि.प्र.) में आयोजित इंटर-कॉलेज हॉकी चैंपियनशिप-2021 में भाग लिया और विजेता बनी तथा खेम सिंह, लखन भारद्वाज, कार्तिक, धीरज, विजय कुमार और विभव सेन ने GNDU अमृतसर में आयोजित इंटर-वर्सिटी हॉकी (पुरुष) चैंपियनशिप में भी भाग लिया।
4) महिला वर्ग की हॉकी टीम ने राजकीय महाविद्यालय ऊना (हि.प्र.) में आयोजित इंटर-कॉलेज हॉकी चैंपियनशिप-2021 में भाग लेकर उपविजेता बनी तथा मीनाक्षी, लखन भारद्वाज, मालवी पटियाल और तन्या ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर-वर्सिटी हॉकी (महिला) चैंपियनशिप में भी भाग लिया।
5) महिला वर्ग की खो-खो टीम ने राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन (हि.प्र.) में आयोजित इंटर-कॉलेज खो-खो चैंपियनशिप-2021 में भाग लेकर विजेता बनी।
6) महाविद्याालय की महिला बॉक्सिंग वर्ग में डिंपल उपाध्याय ने RKMV शिमला (हि.प्र.) में आयोजित इंटर-कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2021 में स्वर्ण पदक जीता तथा दीपिका और मुस्कान ने कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही डिंपल उपाध्याय ने LPU जालन्धर में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर-विश्वविद्यालयी बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2021 में भाग लिया। सीनियर स्टेट में खेलते हुए डिंपल ने स्वर्ण पदक हासिल किया तथा हिसार में आयोजित सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी भाग लिया।

7) महाविद्याालय के पुरुष वर्ग की बॉक्सिंग में निशान्त गुलेरिया और विशाल ने LPU जलन्धर में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर-विश्वविद्यालयी बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2021 में भाग लिया। अविनाश चन्देल व निशान्त गुलेरिया ने राजकीय महाविद्यालय, रामपुर में आयोजित सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2021 में क्रमशः स्वर्ण पदक व रजत पदक हासिल किया। अविनाश चन्देल ने बिलारी, कर्नाटक में आयोजित सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी भाग लिया।

8) महिला वर्ग की कुश्ती में महाविद्याालय की कुसम लता ने MLSM कॉलेज, सुन्दरनगर में आयोजित कुश्ती चैंपियनशिप-2021 में स्वर्ण पदक तथा महिला वर्ग में अंजली शर्मा और पुरुष वर्ग सोमेश वशिष्ठ ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

9) कुमारी अनीता ने मैंगलोर विश्वविद्यालय, मंगल गंगोत्री में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर-विश्वविद्यालयी क्रॉस कंट्री (महिला) चैंपियनशिप-2021 में भाग लिया।

10) देवज्ञ अवस्थी ने राजकीय महाविद्यालय ऊना (हि.प्र.) में आयोजित इंटर-कॉलेज जूडो (पुरुष) चैंपियनशिप-2021 में कांस्य पदक जीता।

11) साक्षी चन्देल ने हमीरपुर में आयोजित सीनियर स्टेट बैडमिंटन (महिला) चैंपियनशिप-2021 में जीत हासिल की।

12) राजकीय महाविद्यालय, मण्डी ने 03 जनवरी से 06 जनवरी, 2022 तक प्रथम बार नॉर्थ जोनइंटर-वर्सिटी कबड्डी चैंपियनशिप की सफलतापूर्वक मेजबानी की। इस अवसर पर उत्तर भारत की 32 टीमों के भाग लिया।

## महत्त्वपूर्ण गतिविधियाँ

1) 21 जून, 2021 राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के शारीरिक शिक्षा व खेल विभाग द्वारा ऑनलाइन 'अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

2) 23 जून से 29 जून, 2021 तक कोविड-19 महामारी के दौरान शरीर, मन व आत्मा को स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक शिक्षा व खेल विभाग द्वारा 'योग कला' पर एक सप्ताह की ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 250 छात्रों ने भाग लिया।

3) 05 सितम्बर, 2021 को आजादी के अमृत महोत्सव स्वर्णिम विजय के अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल के नेतृत्व में एन0सी0सी0 वायु सेना विंग और एन0सी0सी0 आर्मी विंग के 120 कैडेटों ने भाग लिया तथा विजय मशाल को सलामी दी।

4) 05 सितम्बर, 2021 को महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

5) 09 सितम्बर, 2021 को 'पूर्ण राज्य का स्वर्णिम समारोह' कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के द्वारा 'संस्कृत दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर कविता-पाठ, भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

6) 14 सितम्बर, 2021 को 'पूर्ण राज्य का स्वर्णिम समारोह' कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के द्वारा 'हिन्दी दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर कविता-पाठ, भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

7) 21 सितम्बर, 2021 को रोवर एवं रेंजर इकाई के द्वारा विश्व शान्ति दिवस मनाया गया।

8) 18 अक्तूबर, 2021 को महाविद्यालय में Himachal Pradesh Golden Jubilee Clebration & SWEEP Progfamme के अन्तर्गत पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

9) 20 अक्तूबर, 2021 को 'पूर्ण राज्य का स्वर्णिम समारोह' कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के द्वारा 'विश्व वाणिज्य दिवस' मनाया गया।

10) 22 अक्तूबर, 2021 को 'पूर्ण राज्य का स्वर्णिम समारोह' कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के द्वारा विद्यार्थियों के 'प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता और साक्षात्कार' नामक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

11) 10 नवंबर, 2021 को विज्ञान संकाय के द्वारा 'आजादी के अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अन्तर्गत 'विश्व विज्ञान दिवस' मनाया गया।

12) 11 नवंबर, 2021 को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने 'फेक न्यूज - परिणाम व उपचार' नामक विषय पर बेबीनार, 16 नवंबर, 2021 को 'नेशनल प्रेस डे' पर एक दिवसीय सेमीनार तथा 17 नवंबर, 2021 को 'राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस' पर भी एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया।

13) 26 नवंबर, 2021 को महाविद्यालय में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों को याद किया गया।

14) 06 दिसम्बर, 2021 को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 'महापरिनिर्वाण दिवस' का आयोजन किया।

15) 09 दिसम्बर, 2021 को हिन्दी विभाग के द्वारा भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग मण्डी के सहयोग से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी टीमों को पुरस्कृत भी किया गया।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ 2020-2021

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के विद्वान एवं विदुषी प्रवक्ताओं द्वारा प्राप्त उपलब्धियाँ हमारे विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु महत्वपूर्ण है। इन उपलब्धियों के प्रकाशन, शोध पत्र, कार्यशाला, पत्रिकाएँ तथा देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में शोध प्रस्तुति एवं विभिन्न सामाजिक जागरूक कार्यक्रमों में सहभागिता, पुनश्चर्या कार्यक्रम एवं शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रवक्ताओं का शिक्षण एवं शोध के क्षेत्र में योगदान महाविद्यालय को गौरवमयी स्थान प्रदान करता है।

## (क) प्रकाशित पुस्तकें

डॉ0 पूनम शर्मा (वाणिज्य विभाग) ने स्नातक विद्यार्थियों हेतु वाणिज्य की पुस्तक लिखने में सह-लेखिका की भूमिका निभाई।

प्रो0 महेन्द्र सिंह ने 'स्वराज्य संघर्ष में हिमाचल के नेपथ्य नायक' पुस्तक में एक अध्याय 'रानी ललिता कुमारी खैरागढ़ी' लिखा।

डॉ0 शिप्रा श्रीवास्तव (हिन्दी विभाग) ने 'कालजयी हिन्दी कहानियाँ : विविध सन्दर्भ' पुस्तक का सम्पादन किया।

## (ख) प्रकाशित शोध पत्र एवं सेमीनार में शोध पत्र प्रस्तुतिकरण

डॉ0 चमन लाल (पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग)

1. आपदाओं को सम्बोधित करने में अंतरिक्ष मीडिया की भूमिका
2. सामाजिक आर्थिक विकास में क्षेत्रीय असमानताओं की मीडिया मैपिंग
3. मानवाधिकार हनन की मिडिया मैपिंग : भारत में अनुसूचित जातियों के सन्दर्भ में
4. नाग-आर्य संघर्ष व संधि : मीडिया विमर्श

डॉ0 अरविंद कुमार (दौरे एवं यात्रा विभाग)

1. आधुनिक भारतीय पर्यटन उद्योग के नैतिक प्रबंधन में महात्मा गांधी की शिक्षाओं की भूमिका।
2. हिमाचल प्रदेश के मण्डी शहर में बजट पर्यटक आवास की क्षमता

3. मण्डी टाउन और इसके आस-पास के स्थानों में पर्यटन की सम्भावना
4. समुदाय आधारित पर्यटन संचालन : पर्यटकों के लिए गुणवत्ता सेवाएं और दीर्घकालिक सामुदायिक लाभ के लिए एक प्रभावी टूलकिट

डॉ0 सन्तोष कुमार (नृत्य विभाग)

1. हिमाचल प्रदेश की लोक कला एवं लोक नृत्य

डॉ0 राजकुमार जमवाल (हिंदी विभाग)

2. मण्डयाली मुहावरों एवं कहावतों में अभिव्यक्त जीवन अनुभव

डॉ0 शिप्रा श्रीवास्तव (हिन्दी विभाग)

1. मध्यकालीन काव्यः भाषा के रूप में अवधी का योगदान
2. मानवीय संवेदनाओं के विविध रंग : फणीश्वर नाथ रेणु

प्रो0 ज्योति (संस्कृत विभाग)

1. वैदिक वाडमय में पर्यावरण संरक्षण
2. पूजनीय अश्वत्थ वृक्ष
3. स्वस्थ जीवन : परम्परागत भोजन और औषधीय पौधे
4. संस्कृत वांङ्मय में ज्ञान-विज्ञान
5. मण्डी की संस्कृति में पूजनीय पेड़-पौधों की उपादेयता

डॉ0 पूनम शर्मा

1. Role of International Bank for Reconstruction and Developments External Assistance to India.

प्रो0 रितु शर्मा (गणित विभाग)

1. Fuzzy Ideals of Gamma Semiring
2. Prime Fuzzy Ideals of Gamma Semirings
3. Gamma Subsemigroup of a Gamma Semiring

डॉ0 जितेन्द्र कुमार (भौतिकी विभाग)

1. Effect of Netural Redionuclide's in the Environment along the Jwalamukhi Thrust of Himalayas, in India

## पुनश्चर्या पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों में - प्रो0 सीमा बावा, प्रो0 जसवंत सिंह, प्रो0 निशा, प्रो0 ममता परमार, प्रो0 अर्चना शुक्ला, डॉ0 हेमलता, प्रो0 ज्योत्सना, प्रो0 वन्दना, प्रो0 मुक्ता वैद्य, डा0 अंकुर, डॉ0 राजकुमार, प्रो0 हेमराज, डॉ0 शिप्रा श्रीवास्तव, प्रो0 सरिता, प्रो0 रचना, प्रो0 ज्योति, प्रो0 भारती, डॉ0 पूनम शर्मा, डॉ0 संतोष कुमार, डॉ0 दायक राम ने Art of Yoga for Healing the Body Mind & Soul During the Pandemic नामक साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

हमारे महाविद्यालय के प्रवक्ताओं में - प्रो0 महेन्द्र सिंह, प्रो0 मोहन लाल ठाकुर, डॉ0 संतोष कुमार, डॉ0 अरविंद कुमार, डॉ0 पूनम शर्मा, प्रो0 ज्योति, प्रो0 ममता परमार, डॉ0 शिप्रा श्रीवास्तव, डॉ0 चमन लाल तथा जितेन्द्र कुमार ने विभिन्न पुनश्चर्या एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता ग्रहण की।

इसके अतिरिक्त डॉ0 पूनम शर्मा ने नव-नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के लिये HIPA शिमला द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में तथा डॉ0 अरविंद कुमार ने इंटरनेशल इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एण्ड एविएशन मैनेजमेन्ट युनिवर्सिटी, जयपुर द्वारा आयोजित अन्तरराष्ट्रीय बेबिनार में संसाधन व्यक्ति के रूप में भाग लिया।

डॉ0 संतोष कुमार ने शोध निर्देशन में सहनिर्देशक की भूमिका निभाई।

डॉ0 चमन प्रेमी ने भारतीय वायुसेना के फ्लाईंग ऑफिसर का रैंक प्राप्त किया तथा एन0सी0सी0 वायुसेना विंग मण्डी के प्रथम प्रशिक्षित एसोसिएट एन0सी0सी0 आफिसर बने जो हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

## पीएच0डी0 की उपाधि

1. प्रो0 राज कुमार जमवाल ने 05 अक्तूबर, 2021 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से पीएच0डी0 की उपाधि प्राप्त की।
2. प्रो0 हेम राज ने पीएच0डी0 का शोध प्रबन्ध 19 दिसम्बर, 2021 को मूल्यांकन हेतु केरियर पवाइन्ट युनिवर्सिटी, कोटा, राजस्थान में प्रस्तुत किया।
3. प्रो0 ममता परमार ने पीएच0डी0 का शोध प्रबन्ध 02 फरवरी, 2022 को मूल्यांकन हेतु शूलनी विश्वविद्यालय, सोलन में प्रस्तुत किया।

# मांग पत्र

मान्यवर,

महाविद्यालय में लगभग 7300 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अत्एव कक्षाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिये अतिरिक्त भवन की अति आवश्यकता है।

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या प्रत्येक वर्ष बढ़ रही है यह गौरव की बात है कि शिक्षा के प्रति लोग जागरुक हुए हैं। परन्तु शिक्षकों की कमी इसमें बाधा उत्पन्न करती है। इसलिए विद्यार्थियों की सख्याँ के अनुपात में शिक्षकों के और पद सृजित करने व खाली पदों को भरने की नितान्त आवश्यकता है।

महाविद्यालय में Indoor Game की सुविधा भवन के अभाव के कारण उपलब्ध नहीं है। अतः खेल हेतु एक भवन की अत्यधिक आवश्यकता है। इस प्रयास से विद्यार्थियों में स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होगा।

महाविद्यालय में प्रोफेसर कॉलोनी पड्डल के जीर्णोद्धार व मुरम्मत का कार्य, प्रकाश व्यवस्था तथा चार दिवारी की ऊँचाई बढ़ाने व प्रवेश द्वार का निर्माण करना अत्यन्त आवश्यक है। इसके साथ ही शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के लिए नई कॉलोनी का निर्माण किया जाना भी आपेक्षित है।

महोदय

सत्र 2021-22 के अपने वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने इस महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय इस महाविद्यालय के समस्त योग्य प्राध्यापक वर्ग, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी वर्ग तथा अनुशासित विद्यार्थियों को जाता है। मैं इन सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

महाविद्यालय के चहुँमुखी विकास के लिए समय-समय पर जो सहयोग, जिला प्रशसन, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, जिला लोक सम्पर्क विभाग, क्षेत्रीय परिवहन, विद्युत विभाग, वन विभाग, चिकित्सा विभाग तथा पत्रकार बन्धुओं ने दिया है इन सभी के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूँ और मैं आशा करता हूँ कि आगे भी इनका सहयोग मिलता रहेगा।

माननीय मुख्यमन्त्री, हिमाचल प्रदेश सरकार श्री जय राम ठाकुर के हम विशेष रूप से आभारी हैं जिन्होंने इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी।

यहां पधारे सभी अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद। आपके पधारने से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ी है। पुरस्कृत विद्यार्थियों को पुरस्कार प्राप्ति के लिए बधाई। जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल पाए हैं, उन्हें भविष्य में प्रयत्नशील रहने के लिए कामना करता हूँ। हमें आशा है कि आप विद्यार्थी अपनी मंजिल अवश्य पाएंगे और देश, समाज तथा समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए प्रत्यनशील रहेंगे।

**धन्यवाद !**

**जय हिन्द ! जय हिमाचल !**